↑

पॉलिथीन बैग/पेपर सील खोले बगैर इस तरफ से उत्तर शीट को बाहर निकालें ।
**Without opening the Paper seal/ Polythene Bag take out Answer Sheet from this side.**

**परीक्षा का वर्ष : 2023**

# LPD

**प्रश्न-पुस्तिका**

अपना अनुक्रमांक सामने अंकों में बॉक्स के अन्दर लिखें

शब्दों में

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

प्रश्न-पुस्तिका शृंखला

**A**

## सामान्य हिन्दी, सामान्य ज्ञान / सामान्य अध्ययन, राज्य से संबंधित विविध ज्ञान

**General Hindi, General Knowledge / General Studies, State Related Various Knowledge**

समय : 2:00 घंटे — **Time : 2:00 Hours**
पूर्णांक : 100 — **Maximum Marks : 100**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें ।**

### महत्त्वपूर्ण निर्देश

1. प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर अनुक्रमांक के अतिरिक्त कुछ न लिखें ।
2. **यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक त्रुटि हो तो प्रश्न के अंग्रेजी तथा हिन्दी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा ।**
3. **सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।**
4. **अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक, विषय-कोड एवं प्रश्न-पुस्तिका की सीरीज का अंकन OMR Sheet में निर्दिष्ट कॉलम में सही-सही करें, अन्यथा उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जायेगा ।**
5. **अभ्यर्थी रफ कार्य हेतु प्रश्न-पुस्तिका (बुकलेट) के अन्त में दिये गये पृष्ठों का ही केवल उपयोग करें । अलग से इस हेतु वर्किंग शीट उपलब्ध नहीं करायी जायेगी । अभ्यर्थी प्रश्न-पुस्तिका के अंदर रफ कार्य के अतिरिक्त कुछ भी न लिखें ।**
6. इस प्रश्न-पुस्तिका में **100 प्रश्न** हैं, जिसमें भाग-1 (सामान्य हिन्दी) में **20** प्रश्न, भाग-2 (सामान्य ज्ञान / सामान्य अध्ययन) में **40** प्रश्न एवं भाग-3 (राज्य से संबंधित विविध ज्ञान) में **40** प्रश्न दिये गये हैं । प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर, प्रश्न के नीचे (a), (b), (c) एवं (d) दिये गये हैं। इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. आंसर शीट) में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले अथवा नीले बॉल प्वाइंट पेन से पूरा काला/नीला कर दें ।**
7. प्रश्न-पुस्तिका में अंकित सभी प्रश्न अनिवार्य हैं और प्रत्येक प्रश्न के समान अंक हैं । आपके जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक दिये जायेंगे ।
8. आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली वस्तुनिष्ठ प्रकृति की परीक्षाओं में ऋणात्मक मूल्यांकन (Negative Marking) पद्धति अपनायी जायेगी । अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न हेतु दिए गए गलत उत्तर के लिए या अभ्यर्थी द्वारा एक प्रश्न के एक से अधिक उत्तर देने के लिए (चाहे दिए गए उत्तर में से एक सही ही क्यों न हो), उस प्रश्न के लिए निर्धारित अंकों का **एक-चौथाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा । दण्ड स्वरूप प्राप्त अंकों के योग को कुल प्राप्तांक में से घटाया जाएगा ।
9. अपने उत्तर आपको अलग से दिये गये ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में अंकित करने हैं । **आपके द्वारा सभी उत्तर केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर ही दिया जाना अनिवार्य है ।** ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक के अतिरिक्त अन्य कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा ।
10. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर कुछ लिखने के पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें । ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में वांछित सूचनाओं को अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व भरा जाना अनिवार्य है ।
11. **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक तीन प्रतियों (मूल प्रति, कार्यालय प्रति एवं अभ्यर्थी प्रति) में है । परीक्षा समाप्ति के उपरान्त ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक की मूल प्रति एवं कार्यालय प्रति अन्तरीक्षक (Invigilator) को वापस लौटा दें, अन्यथा की स्थिति में आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी । केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक की अभ्यर्थी प्रति, अभ्यर्थी अपने साथ ले जा सकते हैं ।**
12. यदि आपने इन अनुदेशों को पढ़ लिया है, इस पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अंकित कर दिया है और ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर वांछित सूचनायें भर दी हैं, तो तब तक प्रतीक्षा करें, जब तक आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाता ।
13. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) का मूल्यांकन ओ.एम.आर. आंसर शीट पर अंकित सीरीज कोड के आधार पर ही किया जायेगा ।
14. प्रश्न-पुस्तिका (Question Booklet) में से ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) निकालने के पश्चात् ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक एवं प्रश्न-पुस्तिका के सीरीज कोड (A, B, C & D) का मिलान अवश्य कर लें, यदि ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक एवं प्रश्न-पुस्तिका के सीरीज कोड भिन्न-भिन्न हों, तो उसे तुरन्त अन्तरीक्षक (Invigilator) से परिवर्तित कराकर समान सीरीज कोड की ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक एवं प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें । यदि उक्तानुसार कार्यवाही नहीं की जाती है, तो उसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा ।

**जब तक न कहा जाय इस प्रश्न-पुस्तिका को न खोलें ।**

**महत्त्वपूर्ण : प्रश्न-पुस्तिका खोलने पर तुरन्त जाँच कर देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पेज भली-भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न-पुस्तिका पॉलिपैक्ड/सीलबंद न हों अथवा कोई अन्य कमी हो, तो अन्तरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें ।**

## भाग – 1
## सामान्य हिन्दी

**1.** महादेवी वर्मा की रचना नहीं है –

(a) 'शृंखला की कड़ियाँ' (b) 'अतीत के चलचित्र'

(c) 'साहित्य का श्रेय और प्रेय' (d) 'स्मृति की रेखाएँ'

**2.** संयुक्त व्यंजन 'ज्ञ' की संरचना है –

(a) ग् + य के योग से (b) ञ् + य के योग से (c) ज् + ञ के योग से (d) ग् + ञ के योग से

**3.** इनमें से संयुक्त स्वर है –

(a) आ (b) ऋ (c) ए (d) इ

**4.** इनमें से सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की रचना है –

(a) 'जनता का आदमी' (b) 'उषा' (c) 'बादल राग' (d) 'सहर्ष स्वीकारा है'

**5.** इनमें से 'तलब' शब्द का अर्थ नहीं है :

(a) चाह (b) आवेश (c) बुलावा (d) वेतन

**6.** इनमें से 'सोना' शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है :

(a) 'हाटक' (b) जातरूप (c) तामरस (d) अर्णव

**7.** 'हरिया हरक्युलीज की हैरानी' उपन्यास के लेखक हैं :

(a) मनोहरश्याम जोशी (b) हरिशंकर परसाई (c) शेखर जोशी (d) शैलेश मटियानी

**8.** सरकारी पत्रों में इनमें से किसकी गणना नहीं होती है ?

(a) परिपत्र की (b) सूचीपत्र की (c) अधिसूचना की (d) अनुस्मारक की

**9.** इनमें से कौन जनसंचार का दृश्य–श्रव्य माध्यम है ?

(a) रेडियो (b) पोस्टर (c) वीडियो कैसेट (d) ऑडियो कैसेट

**10.** इनमें से 'कुमाऊँनी' बोली की उपबोली है –

(a) सलानी (b) खसपरजिया (c) नगपुरिया (d) लोहब्या

**11.** ‘अजातशत्रु’ का अर्थ है –

(a) जिसका कोई शत्रु न हो ।
(b) जिसमें शत्रुओं को हराने का साहस हो ।
(c) जो शत्रुओं से न डरता हो ।
(d) जिसके सामने शत्रु न आ सके ।

**12.** ‘वह कुल्हाड़ी से वृक्ष काटता है ।’

वाक्य में ‘से’ किस कारक का चिह्न है ?

(a) अपादान कारक (b) करण कारक (c) संबंध कारक (d) संप्रदान कारक

**13.** ‘उलटे बाँस बरेली को’ – लोकोक्ति का सही अर्थ है –

(a) कठिन कार्य करना (b) महत्त्वपूर्ण कार्य करना (c) विपरीत कार्य करना (d) दृढ़ निश्चय करना

**14.** इनमें से देवनागरी लिपि में लिखी जानेवाली भाषा है –

(a) पंजाबी (b) गुजराती (c) मराठी (d) असमिया

**15.** इनमें से ‘चंद्रमा’ का पर्यायवाची शब्द नहीं है –

(a) ‘राकेश’ (b) ‘मयंक’ (c) ‘सोम’ (d) ‘अर्क’

**16.** ‘अन्वीक्षण’ शब्द में सन्धि है :

(a) यण सन्धि (b) गुण सन्धि (c) दीर्घ सन्धि (d) वृद्धि सन्धि

**17.** वर्तनी की दृष्टि से इनमें से शुद्ध शब्द है –

(a) कवयत्री (b) कवियित्री (c) कवयित्री (d) कवियत्री

**18.** हिंदी का पार्श्विक व्यंजन है –

(a) र (b) ल (c) य (d) च

**19.** काव्यकृति ‘आवाज भी एक जगह है’ के रचयिता हैं :

(a) राजेश जोशी
(b) शेखर जोशी
(c) गजानन माधव ‘मुक्तिबोध’
(d) मंगलेश डबराल

**20.** हिंदी का पहला साप्ताहिक समाचार–पत्र था :

(a) ‘मर्यादा’ (b) ‘प्रजामित्र’ (c) ‘लोक रक्षक’ (d) ‘उदंत मार्तंड’

## PART – 2
## General Knowledge / General Studies

**21.** Which of the following local winds is found in Alpine valley ?
(a) Sirocco (b) Foehn (c) Harmattan (d) Khamsin

**22.** Which of the following States recorded lowest sex-ratio according to 2011 census ?
(a) Haryana (b) Bihar (c) Gujarat (d) Sikkim

**23.** Which of the following Bauxite deposit fields is not situated in Odisha ?
(a) Bolangir (b) Koraput (c) Dumka (d) Sambalpur

**24.** Which one of the following countries is not a coffee producing country in the world ?
(a) Ecuador (b) Colombia (c) Brazil (d) Chile

**25.** In food processing industries, ______ percent FDI is permitted under the automatic route in India.
(a) 90 (b) 100 (c) 75 (d) 80

**26.** Which is India's second largest agro-based industry next to cotton ?
(a) Jute (b) Sugar (c) Oil (d) Textiles

**27.** India is world's ______ largest consumer and number ______ importer of vegetable oil.
(a) 5, 6 (b) 3, 2 (c) 2, 1 (d) 4, 2

**28.** Atal Vayo Abhyuday Yojana (AVYAY) is for ______.
(a) Women (b) Children (c) Senior citizens (d) Youth

**29.** Which sector, was the least impacted by the pandemic (COVID-19) situation and has shown a positive growth in India ?
(a) Agriculture (b) Services (c) Industrial (d) Tertiary

**30.** Who among the following was the chief guest of Republic Day-2023 ?
(a) Joe Biden (b) Rishi Sunak
(c) Abdel Fateh Alsisi (d) Joko Widodo

**31.** Which of the following State/Union Territory has highest score in Social Progress Index – 2022 ?
(a) Kerala (b) Goa (c) Puducherry (d) Tamil Nadu

**32.** Which among the following were the finalist teams of FIFA World Cup – 2022 ?
(a) Argentina – Germany (b) France – Argentina
(c) Argentina – Netherlands (d) France – Spain

**33.** The current Olympic champion Neeraj Chopra is associated with which of the following game ?
(a) Discus throw (b) Javelin throw (c) Shotput (d) Hammer throw

**34.** Jagdeep Dhankhar had been elected 14th Vice-President after defeating which of the following leader ?
(a) Bebi Rani Mourya (b) Margaret Alva
(c) Maneka Gandhi (d) Yashwant Sinha

**35.** Which one of the following does not affect the origin of monsoon ?
(a) Jet stream (b) El-Nino
(c) Temperature variation (d) Western disturbance

## भाग – 2
## सामान्य ज्ञान / सामान्य अध्ययन

**21.** निम्नलिखित स्थानीय पवनों में से कौन सी आल्प्स की घाटी में पायी जाती है ?
(a) सिरोको (b) फन (c) हारमैटन (d) खामसिन

**22.** जनगणना वर्ष 2011 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य में न्यूनतम लिंगानुपात अंकित किया गया था ?
(a) हरियाणा (b) बिहार (c) गुजरात (d) सिक्किम

**23.** निम्नलिखित बाक्साइट निक्षेप क्षेत्रों में से कौन सा ओडिशा में स्थित नहीं है ?
(a) बोलंगिर (b) कोरापुट (c) डुमका (d) सम्बलपुर

**24.** निम्नलिखित देशों में से कौन सा एक विश्व में कहवा उत्पादक देश नहीं है ?
(a) इक्वेडोर (b) कोलम्बिया (c) ब्राजील (d) चिली

**25.** भारत में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में कितने प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश ऑटोमैटिक रूट के अन्तर्गत किया जा सकता है ?
(a) 90 (b) 100 (c) 75 (d) 80

**26.** भारत में कपास के बाद आने वाला कृषि आधारित दूसरा सबसे बड़ा उद्योग कौन सा है ?
(a) पटसन (b) चीनी (c) तेल (d) कपड़ा

**27.** भारत वनस्पति तेल का विश्व का ________ सबसे बड़ा उपभोक्ता और ________ नंबर का आयातक है।
(a) 5, 6 (b) 3, 2 (c) 2, 1 (d) 4, 2

**28.** अटल वयो अभ्युदय योजना (AVYAY) किसके लिए है ?
(a) औरतों (b) बच्चों (c) वरिष्ठ नागरिकों (d) युवा

**29.** कोविड-19 महामारी के हालातों में, भारत में कौन सा क्षेत्र सबसे कम प्रभावित हुआ था और सकारात्मक वृद्धि भी दिखाई थी ?
(a) कृषि (b) सेवा (c) औद्योगिक (d) तृतीयक

**30.** निम्नलिखित में से कौन गणतंत्र दिवस-2023 का मुख्य अतिथि था ?
(a) जो बाईडन (b) ऋषि सुनक
(c) अबदेल फतेह अलसीसी (d) जोको विडोडो

**31.** निम्नलिखित में से किस राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश ने सामाजिक उन्नति सूचकांक-2022 में सर्वोच्च अंक प्राप्त किए ?
(a) केरल (b) गोवा (c) पुडुचेरी (d) तमिलनाडु

**32.** निम्नलिखित में कौन सी टीमें फीफा वर्ल्ड कप-2022 के फाइनल में पहुँची थीं ?
(a) अर्जेन्टीना – जर्मनी (b) फ्रांस – अर्जेन्टीना (c) अर्जेन्टीना – नीदरलैंड (d) फ्रांस – स्पेन

**33.** निम्नलिखित में से किस खेल से मौजूदा ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा का सम्बन्ध है ?
(a) चक्का फेंक (b) भाला फेंक (c) शॉटपुट (d) हैमर थ्रो

**34.** जगदीप धनखड़ निम्न में से किस नेता को हराकर भारत के 14वें उपराष्ट्रपति निर्वाचित हुए ?
(a) बेबीरानी मोर्य (b) मार्गरेट अल्वा (c) मेनका गांधी (d) यशवंत सिन्हा

**35.** निम्नलिखित में से कौन सा एक मानसून की उत्पत्ति को प्रभावित नहीं करता है ?
(a) जेट स्ट्रीम (b) एल-नीनो (c) तापमान विभिन्नता (d) पश्चिमी विक्षोभ

**36.** The first case of animal disease Lumpi was registered in which of the following State of India ?
(a) Bihar (b) Bengal (c) Odisha (d) Chhattisgarh

**37.** Who acts as the "friend, philosopher and guide" of the Public Accounts Committee in India ?
(a) Attorney General of India (b) Speaker of the Lok Sabha
(c) Chief Justice of India (d) Comptroller and Auditor General of India

**38.** In which of the following cases, it was pronounced that the Preamble is not a part of the Constitution of India ?
(a) Berubari Union, In re (b) Golak Nath Vs. State of Punjab
(c) Keshavananda Bharati Vs. State of Kerala (d) All of the above

**39.** Who among the following considered Directive Principles of State Policy as a decisive Politico-Constitutional tool for bringing about social revolution ?
(a) K.C. Wheare (b) Granville Austin (c) Paul Brass (d) Rajni Kothari

**40.** Who among the following was the first Chief Justice of the Supreme Court to discharge the functions of the President of India ?
(a) Justice H.J. Kania (b) Justice K. Subba Rao
(c) Justice Mohammad Hidayatullah (d) Justice P.N. Bhagwati

**41.** Which of the following Constitutional Amendment Acts omitted the words "Rajpramukh or Uparajpramukh" from the Constitution of India ?
(a) $5^{th}$ Amendment Act (b) $7^{th}$ Amendment Act
(c) $9^{th}$ Amendment Act (d) $11^{th}$ Amendment Act


**42.** Under Article 19(2) of the Indian Constitution, which of the following cannot be a ground for imposing restrictions on the freedom of speech and expression ?
(a) Decency (b) Morality
(c) Social, Economic and Political reform (d) Public Order

**43.** Article 338 is related to
(a) National Commission for Scheduled Caste
(b) National Commission for Scheduled Tribe
(c) National Commission for Disabled Persons
(d) National Commission for Women

**44.** Select the option at the place of (?) that is related to the third number in the same way as the second number is related to the first number.
12 : 60 :: 16 : ?
(a) 112 (b) 122 (c) 210 (d) 212

**45.** Six friends A, B, C, D, E and F are sitting in a circle facing the centre. E is to the left of D, C is between A and B. F is between E and A. Who is to the left of B ?
(a) A (b) C (c) D (d) E

**46.** How many triangles are there in the figure given below ?



(a) 12 (b) 16 (c) 24 (d) None of these

**47.** The Prime Minister inaugurated $26^{th}$ National Youth Festival at which of the following place ?
(a) Nagpur (b) Delhi (c) Prayagraj (d) Hubali

**36.** पशु रोग लम्पी का प्रथम मामला भारत के निम्न में से किस राज्य में दर्ज हुआ ?

(a) बिहार (b) बंगाल (c) ओडिशा (d) छत्तीसगढ़

**37.** भारत में लोक लेखा समिति के “मित्र, दार्शनिक एवं पथ–प्रदर्शक” के रूप में कौन कार्य करता है ?

(a) भारत का महान्यायवादी (b) लोक सभा अध्यक्ष

(c) भारत का मुख्य न्यायाधीश (d) भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक

**38.** निम्न में से किस वाद में यह निर्णय दिया गया कि प्रस्तावना भारतीय संविधान का भाग नहीं है ?

(a) बेरूबारी यूनियन, इन री (b) गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य

(c) केशवानन्द भारती बनाम केरल राज्य (d) उपरोक्त सभी

**39.** निम्न में से किसने राज्य के नीति निदेशक तत्त्वों को सामाजिक क्रान्ति लाने का निर्णायक राजनीतिक–संवैधानिक साधन माना है ?

(a) के.सी. व्हीयर (b) ग्रेनविल ऑस्टिन (c) पॉल ब्रास (d) रजनी कोठारी

**40.** निम्नलिखित में से सर्वोच्च न्यायालय के किस मुख्य न्यायाधीश ने सर्वप्रथम भारत के राष्ट्रपति के कार्यों को सम्पादित किया था ?

(a) न्यायमूर्ति एच.जे. कानिया (b) न्यायमूर्ति के. सुब्बाराव

(c) न्यायमूर्ति मोहम्मद हिदायतुल्लाह (d) न्यायमूर्ति पी.एन. भगवती

**41.** निम्न में से किस संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा भारत के संविधान से “राजप्रमुख या उप–राजप्रमुख” शब्दों का लोप कर दिया गया ?

(a) 5वाँ संशोधन अधिनियम (b) 7वाँ संशोधन अधिनियम

(c) 9वाँ संशोधन अधिनियम (d) 11वाँ संशोधन अधिनियम

**42.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(2) के अन्तर्गत, वाक्–स्वातंत्र्य तथा अभिव्यक्ति–स्वातंत्र्य पर प्रतिबंध आरोपित करने हेतु निम्न में से कौन सा आधार नहीं हो सकता है ?

(a) शिष्टाचार (b) सदाचार

(c) सामाजिक, आर्थिक तथा राजनैतिक सुधार (d) लोक व्यवस्था

**43.** अनुच्छेद 338 सम्बन्धित है –

(a) राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग से (b) राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग से

(c) राष्ट्रीय दिव्यांगजन आयोग से (d) राष्ट्रीय महिला आयोग से

**44.** (?) के स्थान पर वह विकल्प चुनिए जिसका सम्बन्ध तीसरी संख्या से वैसे ही है जैसे दूसरी संख्या का सम्बन्ध पहली संख्या से है


12 : 60 :: 16 : ?

(a) 112 (b) 122 (c) 210 (d) 212

**45.** छः मित्र A, B, C, D, E तथा F एक वृत्त पर, केन्द्र की ओर मुख करके बैठे हैं। E, D के बायीं ओर है; C, A व B के मध्य है। F, E व A के मध्य है। B के बायीं ओर कौन है ?

(a) A (b) C (c) D (d) E

**46.** नीचे दी गई आकृति में कितने त्रिभुज हैं ?



(a) 12 (b) 16 (c) 24 (d) इनमें से कोई नहीं

**47.** प्रधानमंत्री ने निम्न में से किस स्थान पर 26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन किया ?

(a) नागपुर (b) दिल्ली (c) प्रयागराज (d) हुबली

**48.** Which of the conclusions logically follow(s) from the given statements ?

**Statements :** Some players are singers.
All singers are tall.

**Conclusions :** I. Some players are tall.
II. All players are tall.

(a) Both I and II (b) Only I (c) Only II (d) Neither I nor II

**49.** One of the most important characteristics of Algorithm is to be

(a) infinite (b) pictorial (c) finite (d) symbolic

**50.** Program written in any High Level Language is known as

(a) .exe program (b) object program
(c) source program (d) executable image

**51.** The example of Object Oriented Programming Language is

(a) FORTRAN-IV (b) JAVA (c) Prolog (d) Pascal

**52.** Which of the following are resources of operating system ?

(a) RAM (b) CPU (c) Files in disk (d) All of the above

**53.** The earliest coins used in Indian Sub-continent were known by the name

(a) Punch-marked coins (b) Copper coins
(c) Alloy coins (d) Gold coins

**54.** Hathigumpha inscription of Kalinga King Kharwela is written in which language ?

(a) Pali (b) Sanskrit (c) Prakrit (d) Tamil

**55.** An official named 'Amil' during the reign of Akbar was appointed at which level of Administration ?

(a) Suba (b) Sarkar (c) Pargana (d) Village

**56.** Who among the following was the founder of 'United Patriotic Association' ?

(a) Gopal Krishna Gokhale (b) Bal Gangadhar Tilak
(c) Lala Lajpat Rai (d) Sir Saiyad Ahmad Khan

**57.** Who among the following led the 'Kuka-Movement' of Punjab ?

(a) Balbant Singh (b) Kartar Singh (c) Ram Singh (d) L.M. Longowal

**58.** Who among the following started the newspaper named 'Al-hilal' ?

(a) Shaukat Ali (b) Muzaffar Ali
(c) Sir Saiyad Ahmad Khan (d) Moulana Abul Kalam Azad

**59.** Which one of the following is the uppermost layer of the atmosphere ?

(a) Troposphere (b) Ozonosphere (c) Ionosphere (d) Exosphere

**60.** Select the correct combination of mathematical signs that can sequentially replace the '*' signs and make the equation correct.

36 * 120 * 4 * 46 * 20

(a) =, ×, ÷, – (b) +, ÷, –, = (c) ×, ÷, +, = (d) +, ÷, =, ×

**48.** दिए गये कथनों से, कौन सा (से) निष्कर्ष, तार्किक रूप से अनुसरण करता है (करते हैं) ?

**कथन :** कुछ खिलाड़ी गायक हैं ।
सभी गायक लम्बे हैं ।

**निष्कर्ष :** I. कुछ खिलाड़ी लम्बे हैं ।
II. सभी खिलाड़ी लम्बे हैं ।

(a) दोनों I व II (b) केवल I (c) केवल II (d) न तो I, न ही II

**49.** एल्गोरिथ्म की एक प्रमुख विशेषता है –

(a) अनगिनित (b) चित्रमय (c) गिनित (d) सिम्बोलिक

**50.** हाई लेवल भाषा में जो प्रोग्राम लिखा जाता है उसे ______ कहते हैं ।

(a) .exe program (प्रोग्राम) (b) ऑब्जेक्ट प्रोग्राम
(c) सोर्स प्रोग्राम (d) एगज़ीक्यूटेबल ईमेज

**51.** ऑब्जेक्ट ओरियेन्टेड प्रोग्रामिंग भाषा का उदाहरण है –

(a) फॉरट्रान-IV (b) जावा (c) प्रोलोग (d) पास्कल

**52.** निम्नलिखित में से कौन से ऑपरेटिंग सिस्टम के रिसोर्सिज़ हैं ?

(a) RAM (b) CPU (c) Files in disk (d) उपरोक्त सभी

**53.** भारतीय उपमहाद्वीप में प्रयुक्त प्राचीनतम सिक्के कहलाते थे –

(a) आहत सिक्के (b) ताम्र सिक्के (c) मिश्रधातु सिक्के (d) स्वर्ण सिक्के

**54.** कलिंग नरेश 'खारवेल' का 'हाथी–गुम्फा अभिलेख' किस भाषा में है ?

(a) पालि (b) संस्कृत (c) प्राकृत (d) तमिल

**55.** अकबर के शासनकाल में 'आमिल' नामक कर्मचारी प्रशासन के किस स्तर पर नियुक्त होता था ?

(a) सूबा (b) सरकार (c) परगना (d) ग्राम

**56.** 'यूनाइटेड पेट्रियोटिक एसोसिएशन' के संस्थापक निम्नलिखित में से कौन थे ?

(a) गोपाल कृष्ण गोखले (b) बाल गंगाधर तिलक
(c) लाला लाजपत राय (d) सर सैयद अहमद खान

**57.** पंजाब के 'कूका आंदोलन' का नेतृत्व निम्नलिखित में से किसने किया ?

(a) बलबंत सिंह (b) करतार सिंह (c) राम सिंह (d) एल.एम. लोंगोवाल

**58.** निम्नलिखित में से किसने "अल–हिलाल" नामक समाचार–पत्र प्रारम्भ किया ?

(a) शौकत अली (b) मुजफ्फर अली
(c) सर सैयद अहमद खान (d) मौलाना अबुल कलाम आजाद

**59.** निम्नलिखित में से कौन सी एक वायुमण्डल की सबसे ऊपरी परत है ?

(a) अधोमण्डल (b) ओजोनमण्डल (c) आयनमण्डल (d) बहिर्मण्डल

**60.** गणितीय चिह्नों का सही संयोजन चुनिये, जिससे '*' चिह्नों के प्रतिस्थापित करने पर निम्नलिखित समीकरण सही हो :
$36 * 120 * 4 * 46 * 20$

(a) $=, \times, \div, -$ (b) $+, \div, -, =$ (c) $\times, \div, +, =$ (d) $+, \div, =, \times$

## PART – 3
## State Related Various Knowledge

**61.** Which one of the following rivers is not a tributary of Ramganga ?
(a) Lisar (b) Gangan (c) Kosi (d) Khoh

**62.** With reference to the Corbett National Park which of the following statements is/are correct ?
1. It is first largest National Park in India.
2. It was established in 1936.
3. Its previous name was “Hailey National Park”.
4. Its total area is 826 sq.km.

Select the correct answer using the codes given below :
**Codes :**
(a) Only 1 (b) Both 1 and 2 (c) 1, 2 and 3 (d) 2 and 4

**63.** How many cities / towns of Uttarakhand have been included in the National Clean Air Programme ?
(a) 20 (b) 3 (c) 2 (d) 8

**64.** Uttarakhand received _____ rank in the Sustainable Development Index 2020-21 released by NITI Aayog.
(a) $7^{th}$ (b) $18^{th}$ (c) $30^{th}$ (d) $2^{nd}$

**65.** Which is not a main source of revenue in Uttarakhand economy ?
(a) Film industry (b) Forest estate (c) Mining (d) Tourism

**66.** In Uttarakhand, which of the following districts has the lowest population ?
(a) Haridwar (b) Bageshwar (c) Dehradun (d) Pithoragarh

**67.** Which portal has been launched to provide employment to the youth of Uttarakhand ?
(a) Rojgar (b) Asha (c) Highway (d) Jyoti

**68.** Who among the following Parmar King consolidated 52 – Principalities (Garhi) under the Garhwal Kingdom ?
(a) Ajaypal (b) Sahajpal (c) Mahipat Shah (d) Prithvipat Shah

**69.** Which of the following Mughal ruler honoured the Kumaun King Baz Bahadur Chand with the title of ‘Bahadur’ ?
(a) Akbar (b) Jahangir (c) Shah Jahan (d) Aurangzeb

**70.** Who among the following advocated the Garhwali soldiers against the ‘Peshawar Case’ ?
(a) Mukundi Lal (b) Ansuya Prasad Bahuguna
(c) Mathura Prashad Naithani (d) Taradutt Gairola

**71.** Which of the following is rightly matched ?
(a) Kumaun Parishad – 1926 (b) Almora Congress – 1927
(c) Himalaya Sewa Sangh – 1946 (d) Garhwal Jagriti Sansthan – 1939

**72.** Which of the following region is called “Ramkshetra” in ‘Manaskhand’ ?
(a) Almora (b) Haridwar (c) Rishikesh (d) Badrinath

**73.** Which one of the following trees is not found in Uttarakhand State ?
(a) Blue Pine (b) Bhendi (c) Spruce (d) Deodar

## भाग – 3

## राज्य से सम्बन्धित विविध ज्ञान

**61.** निम्नलिखित नदियों में से कौन एक रामगंगा की सहायक नदी नहीं है ?

(a) लिसार (b) गंगन (c) कोसी (d) खोह

**62.** कॉर्बेट नेशनल पार्क के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

1. यह भारत का पहला बृहत् राष्ट्रीय उद्यान है ।
2. इसकी स्थापना 1936 में हुई थी ।
3. इसका पूर्ववर्ती नाम 'हैली नेशनल पार्क' था ।
4. इसका कुल क्षेत्रफल 826 वर्ग किलोमीटर है ।

नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर को चुनिए :

**कूट :**

(a) केवल 1 (b) 1 और 2 दोनों (c) 1, 2 और 3 (d) 2 और 4

**63.** राष्ट्रीय स्वच्छ वायु योजना के अन्तर्गत उत्तराखंड के कितने शहर/कस्बे शामिल किए गए हैं ?

(a) 20 (b) 3 (c) 2 (d) 8

**64.** नीति आयोग द्वारा जारी किये गये सतत विकास सूचकांक 2020-21 में उत्तराखण्ड ने ______ स्थान प्राप्त किया ।

(a) सातवाँ (b) अठारहवाँ (c) तीसवाँ (d) दूसरा

**65.** उत्तराखंड अर्थव्यवस्था में कौन सा राजस्व का प्रमुख स्रोत नहीं है ?

(a) फिल्म उद्योग (b) जंगलात (c) खनन (d) पर्यटन

**66.** उत्तराखण्ड में निम्नलिखित जिलों में से किसकी जनसंख्या सबसे कम है ?

(a) हरिद्वार (b) बागेश्वर (c) देहरादून (d) पिथौरागढ़

**67.** उत्तराखंड में युवाओं को रोज़गार प्रदान करने के लिए कौन सा पोर्टल शुरू किया गया है ?

(a) रोज़गार (b) आशा (c) हाईवे (d) ज्योति

**68.** निम्नलिखित में से किस परमार शासक ने 52–गढ़ियों को गढ़वाल राज्य के रूप में संगठित किया ?

(a) अजयपाल (b) सहजपाल (c) महीपत शाह (d) पृथ्वीपत शाह

**69.** निम्नलिखित में से किस मुगल शासक ने कुमाऊँ नरेश बाज बहादुर चंद को "बहादुर" की उपाधि से सम्मानित किया ?

(a) अकबर (b) जहाँगीर (c) शाहजहाँ (d) औरंगजेब

**70.** निम्नलिखित में से किसने गढ़वाली सैनिकों की 'पेशावर काण्ड' में पैरवी की थी ?

(a) मुकुन्दीलाल (b) अनसुयाप्रसाद बहुगुणा (c) मथुराप्रसाद नैथानी (d) तारादत्त गैरोला

**71.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित है ?

(a) कुमाऊँ परिषद – 1926 (b) अल्मोड़ा कांग्रेस – 1927
(c) हिमालय सेवा संघ – 1946 (d) गढ़वाल जागृति संस्था – 1939

**72.** 'मानसखण्ड' में निम्नलिखित में से किस क्षेत्र को "रामक्षेत्र" कहा गया है ?

(a) अल्मोड़ा (b) हरिद्वार (c) ऋषिकेश (d) बद्रीनाथ

**73.** निम्नलिखित वृक्षों में से कौन सा उत्तराखण्ड राज्य में नहीं पाया जाता है ?

(a) ब्लू पाइन (b) भेन्दी (c) स्प्रूस (d) देवदार

**74.** Who had constructed the 'Khagmara' fort of Almora ?
(a) Bhishmchand (b) Rudrachand (c) Kalyanchand (d) Udaychand

**75.** Which Panwar King of Garhwal provided shelter to Suleman Shikoh ?
(a) Prithvipat Shah (b) Shyam Shah (c) Mahipat Shah (d) Fateh Shah

**76.** The grains collected in place of cash during the Chand period was called –
(a) Bhaint (b) Sahu (c) Sirati (d) Koot

**77.** Which of the following Garhwal King invaded Tibbet thrice ?
(a) Man Shah (b) Mahipat Shah (c) Prithvi Shah (d) Fateh Shah

**78.** Who among the following was first Commissioner to Kumaun ?
(a) George Thomas Lushington (b) George William Trail
(c) Henery Ramsay (d) Edward Gardner

**79.** Who was the Mahant of Guru Ram Rai Darbar during the Gorkha possession of Dehradun ?
(a) Guru Ram Rai (b) Harsewak Das (c) Swaroop Das (d) Preetam Das

**80.** What was the total number of seats in Vidhan Sabha for Uttarakhand in the undivided Uttar Pradesh ?
(a) 20 (b) 21 (c) 22 (d) 23

**81.** Which of the following Vidhan Sabha seats is reserved for the scheduled tribes in Uttarakhand ?
(a) Purola (b) Khatima (c) Nanakmatta (d) Jhabrera

**82.** When was the U.P. Re-organisation Act signed by the President of India for the formation of the State of Uttarakhand ?
(a) $1^{st}$ August, 2000 (b) $5^{th}$ August, 2000 (c) $28^{th}$ August, 2000 (d) $30^{th}$ August, 2000

**83.** Which of the following Commissions rejected Gairsain as the permanent capital of Uttarakhand ?
(a) Koushik Commission (b) Koshyari Commission
(c) Dixit Commission (d) Rautela Commission

**84.** Which of the following percent of the horizontal reservation has been given to the women of Uttarakhand in government services ?
(a) 5% (b) 10% (c) 30% (d) 33%

**85.** Uttarakhand Gaurav Samman was initiated in which of the following years ?
(a) 2020 (b) 2021 (c) 2022 (d) 2019

**86.** Which one of the following fairs was declared as a State Government Fair on $5^{th}$ August, 2022 by the Minister of Tourism, Government of Uttarakhand ?
(a) Jagra (b) Jiyarani (c) Sitawani (d) Somnath

**87.** In which style the 'Lakhamandal Temple' has been constructed ?
(a) Besar style (b) Nagar style (c) Dravida style (d) Chand style

74. अल्मोड़ा के 'खगमरा' किले का निर्माण किसने करवाया था ?
(a) भीष्मचंद (b) रुद्रचंद (c) कल्याणचंद (d) उदयचंद

75. गढ़वाल के किस पँवार नरेश ने सुलेमान शिकोह को शरण प्रदान की ?
(a) पृथ्वीपत शाह (b) श्याम शाह (c) महीपत शाह (d) फतेह शाह

76. चंद काल में नगद के बदले में लिया गया अनाज कहलाता था –
(a) भेंट (b) साहू (c) सिरती (d) कूत

77. निम्नलिखित में से किस गढ़वाल नरेश ने तिब्बत पर तीन बार आक्रमण किया ?
(a) मानशाह (b) महीपत शाह (c) पृथ्वी शाह (d) फतेह शाह

78. निम्नलिखित में से कौन कुमाऊँ का प्रथम कमिश्नर था ?
(a) जॉर्ज थॉमस लुशिंग्टन (b) जॉर्ज विलियम ट्रेल
(c) हेनरी रामज़े (d) एडवर्ड गार्डनर

79. देहरादून पर गोरखा आधिपत्य के समय गुरु राम राय दरबार के महन्त कौन थे ?
(a) गुरु राम राय (b) हरसेवक दास (c) स्वरूप दास (d) प्रीतम दास

80. अविभाजित उत्तर प्रदेश की विधान सभा में उत्तराखण्ड के लिए कुल कितनी सीटें थीं ?
(a) 20 (b) 21 (c) 22 (d) 23

81. निम्न में से कौन सी विधान सभा सीट उत्तराखण्ड में अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित है ?
(a) पुरोला (b) खटीमा (c) नानकमत्ता (d) झबरेड़ा

82. उत्तराखण्ड राज्य निर्माण हेतु उत्तर प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम राष्ट्रपति के द्वारा किस तिथि को हस्ताक्षरित किया गया था ?
(a) 1 अगस्त, 2000 (b) 5 अगस्त, 2000 (c) 28 अगस्त, 2000 (d) 30 अगस्त, 2000

83. निम्न में से किस समिति ने गैरसैण को उत्तराखण्ड की स्थायी राजधानी के रूप में अस्वीकार कर दिया था ?
(a) कौशिक आयोग (b) कोश्यारी आयोग (c) दीक्षित आयोग (d) रौतेला आयोग

84. उत्तराखण्ड राज्य में महिलाओं को सरकारी सेवाओं में निम्न में से कितने प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण प्रदान किया गया है ?
(a) 5% (b) 10% (c) 30% (d) 33%

85. उत्तराखण्ड गौरव सम्मान की शुरुआत निम्नलिखित में से किस वर्ष की गयी थी ?
(a) 2020 (b) 2021 (c) 2022 (d) 2019

86. निम्नलिखित मेलों में से कौन एक 5 अगस्त, 2022 को उत्तराखण्ड सरकार के पर्यटन मंत्री द्वारा एक राजकीय मेले के रूप में घोषित किया गया ?
(a) जागरा (b) जियारानी (c) सीतावनी (d) सोमनाथ

87. 'लाखामण्डल मन्दिर' का निर्माण किस शैली में किया गया है ?
(a) बेसर शैली (b) नागर शैली (c) द्रविड़ शैली (d) चंद शैली

**88.** Nanda Devi National Park was declared World Heritage Site by UNESCO in the year ____.
(a) 1986 (b) 1988 (c) 1990 (d) 1992

**89.** Where is the India's first liquid mirror telescope established ?
(a) Ramgarh (b) Hartola (c) Devasthal (d) Patwadangar

**90.** In which of the following districts of Uttarakhand, the E-district project was first launched as a pilot project ?
(a) Pauri (b) Rudraprayag (c) Nainital (d) Almora

**91.** Which of the following pass connects Darma and Byas valley of Uttarakhand ?
(a) Kalindi (b) Sinala (c) Laspa (d) Khanj

**92.** With reference to Meizotropis pellita (Patwa) consider the following statements :
1. It is endemic to Nilgiris.
2. It is listed as critically endangered in IUCN Red Data list.
3. The species is threatened by deforestation, habitat fragmentation and forest fires.

Which of the statements given are correct ?
(a) Only 1 and 2 (b) Only 2 and 3 (c) Only 1 and 3 (d) 1, 2 and 3

**93.** Where is the Uttarakhand's second production unit of Diesel through recycling of plastics is established ?
(a) Lansdowne (b) Kashipur (c) Haridwar (d) Bhimtal

**94.** Forest Research Centre, Haldwani established Himalayan Spice Garden at _____.
(a) Sattal, Nainital (b) Pathri, Haridwar
(c) Sauni, Ranikhet (d) Vikasnagar, Dehradun

**95.** Which one of the following passes is not situated in Uttarakhand State ?
(a) Niti (b) Mana (c) Muling La (d) Debsa

**96.** The height of Nandakot mountain peak is
(a) 7138 m. (b) 6400 m. (c) 6861 m. (d) 6320 m.

**97.** Koteshwar cave is situated in which district of Uttarakhand ?
(a) Dehradun (b) Pithoragarh (c) Rudraprayag (d) Almora

**98.** Dunagiri mountain peak is situated in which of the following districts of Uttarakhand ?
(a) Pithoragarh (b) Chamoli (c) Almora (d) Bageshwar

**99.** Which one of the following is not correctly matched ?

| | **(Glaciers)** | | **(Location)** |
|---|---|---|---|
| (a) | Gangotri | – | Source of the Ganga |
| (b) | Satopanch | – | Near Badrinath |
| (c) | Milam | – | Mana valley north of the Gangotri |
| (d) | Bhagirath Kharak | – | Near Badrinath |

**100.** Who among the following was not a founder of the 'Kumaun Parishad' ?
(a) Pt. Hargovind Pant (b) Govind Ballabh Pant
(c) Lala Indralal (d) Darshan Lal Pandey

88. नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान को वर्ष ______ में यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया।
(a) 1986 (b) 1988 (c) 1990 (d) 1992

89. भारत की पहली तरल दर्पण दूरबीन कहाँ स्थापित है ?
(a) रामगढ़ (b) हरतोला (c) देवस्थल (d) पटवाडांगर

90. निम्न में से उत्तराखण्ड के किस जिले में ई-डिस्ट्रिक्ट परियोजना पाइलट प्रोजेक्ट के रूप में सर्वप्रथम प्रारम्भ हुई ?
(a) पौड़ी (b) रुद्रप्रयाग (c) नैनीताल (d) अल्मोड़ा

91. निम्न में से कौन सा दर्रा उत्तराखण्ड में दारमा तथा ब्यास घाटी को जोड़ता है ?
(a) कालिन्दी (b) सिनला (c) लासपा (d) खंज

92. मिज़ोट्रॉपिस पेलिटा (पटवा) के संदर्भ में निम्न कथनों को देखें :
1. ये नीलगिरि की स्थानिक है।
2. ये आई यू सी एन की रेड डाटा सूची में, क्रांतिक संकटाग्रस्त के रूप सूचीबद्ध है।
3. यह प्रजाति वन-कटाव, आवास विखंडन तथा वनाग्नि के कारण खतरे में है।
दिये गये कथनों में कौन से सही हैं ?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3 (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

93. उत्तराखंड का द्वितीय प्लास्टिक के पुनर्चक्रीकरण से डीज़ल उत्पादन का संयंत्र कहाँ स्थापित किया गया है ?
(a) लैंसडाउन (b) काशीपुर (c) हरिद्वार (d) भीमताल

94. हिमालयन मसाला उद्यान ______ में, वन अनुसंधान केन्द्र, हल्द्वानी द्वारा स्थापित किया गया।
(a) सातताल, नैनीताल (b) पथरी, हरिद्वार
(c) सौनी, रानीखेत (d) विकासनगर, देहरादून

95. निम्नलिखित दर्रों में से कौन सा एक उत्तराखण्ड राज्य में स्थित नहीं है ?
(a) नीति (b) माणा (c) मुलिंग ला (d) डेबसा

96. नन्दाकोट पर्वत चोटी की ऊँचाई है :
(a) 7138 मी. (b) 6400 मी. (c) 6861 मी. (d) 6320 मी.

97. कोटेश्वर गुफा उत्तराखण्ड के किस जिले में स्थित है ?
(a) देहरादून (b) पिथौरागढ़ (c) रुद्रप्रयाग (d) अल्मोड़ा

98. उत्तराखण्ड के निम्नलिखित जनपदों में से किसमें दूनागिरि पर्वत शिखर स्थित है ?
(a) पिथौरागढ़ (b) चमोली (c) अल्मोड़ा (d) बागेश्वर

99. निम्नलिखित में से कौन सा एक सुमेलित नहीं है ?

| | **(हिमनद)** | | **(अवस्थिति)** |
|---|---|---|---|
| (a) | गंगोत्री | – | गंगा का उद्गम स्थल |
| (b) | सतोपंच | – | बद्रीनाथ के पास |
| (c) | मिलाम | – | गंगोत्री के उत्तर माना घाटी |
| (d) | भागीरथ खरक | – | बद्रीनाथ के पास |

100. निम्न में से कौन कुमाऊँ परिषद् के संस्थापकों में नहीं थे ?
(a) पं. हरगोविन्द पन्त (b) गोविन्द बल्लभ पन्त (c) लाला इन्द्रलाल (d) दर्शनलाल पाण्डे

**Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह**